# वस्तु और सेवा निर्यात 860 अरब डॉलर

**नयी दिल्ली, 16 फरवरी. सेवा क्षेत्र के बेहतर प्रदर्शन और वस्तु निर्यात में वृद्धि बने रहने के साथ भारत को अपना कुल निर्यात आगामी मार्च में समाप्त हो रहे चालू वित्त वर्ष में 860 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचने की उम्मीद है.**

केंद्रीय वाणिज्य सचिव राजेश अग्रवाल ने विदेश व्यापार के जनवरी 2026 के आंकड़ों को जारी करते हुए सोमवार को कहा, 'भारत के निर्यात में तेजी बरकरार है. सेवा क्षेत्र निर्यात की ताकत बना हुआ है और वाणिज्यिक वस्तुओं के निर्यात की वृद्धि दर भी सकारात्मक है. निर्यात की वर्तमान गति और दिशा को देखते हुए चालू वित्त वर्ष 2025-26 में कुल निर्यात (वस्तु और सेवाएं) 860 अरब डालर के स्तर पर जा सकता है. इसमें सेवा निर्यात 410 अरब डालर का रहने की संभावना है.



> इसी माह गैर पेट्रोलियम और गैर रत्नआभूषण निर्यात 30 .47 अरब डॉलर और आयात 42 .56 अरब डलार था. उल्लेखनीय है कि भारत आयातित कच्चे तेल और रत्न आभूषण के एक बड़े हिस्से का निर्यात करता है. इस वर्ष जनवरी में वाणिज्यिक निर्यात को गति देने वाले प्रमुख उत्पादों में इंजीनियरिंग सामान, पेट्रोलियम उत्पाद, मीट, डेयरी और पोल्ट्री , समुद्री उत्पाद और लौह उत्पाद एवं अयस्क शामिल हैं. गत वर्ष जनवरी की तुलना में इंजीनियरिंग उत्पादों का निर्यात 10 .37 प्रतिशत बढ़कर 10 .40 अरब डॉलर हो गया.

'आज जारी आंकड़ों के अनुसार चालू वित्त वर्ष के पहले दस महीनों अप्रैल-जनवीर 2025-26 में कुल निर्यात 720.76 अरब डालर का रहा जो एक साल पहले इसी अवधि के 679.02 अरब डॉलर से 6.15 प्रतिशत अधिक है. इस दौरान वाणिज्यिक वस्तुओं का संचयी निर्यात 320.94 अरब डॉलर का रहा जो एक साल पहले इसी अवधि के 305.98 अरब डॉलर की तुलना में 4.89 प्रतिशत अधिक है.

अप्रैल-जनवरी 2025-26 में कुल आयात आयात 823.41 अरब डालर था जो पिछले वित्त वर्ष की इसी अवधि में 772.85 अरब डॉलर था. इस तरह अप्रैल-जनवरी 2025-26 में व्यापार घाटा सालाना आधार पर बढ़ कर 102.65 अरब डॉलर हो गया जो एक साल पहले 93.83 अरब डॉलर था.

## रिजर्व बैंक ने विदेशी वाणिज्यिक उधारी के संशोधित नियम लागू किये

**मुंबई, 16 फरवरी.** रिजर्व बैंक (आरबीआइ) ने विदेशी वाणिज्यिक उधारी के संशोधित नियम लागू कर दिये हैं.

केंद्रीय बैंक ने बताया कि इन संशोधनों के माध्यम से विदेशी वाणिज्यिक उधारी के लिए पात्र उधारकर्ताओं और मान्यता प्राप्त ऋणदाताओं की परिभाषाओं का विस्तार किया गया है. साथ ही उधारी की सीमा भी बढ़ाई गयी है. इन उधारियों की औसत मियाद संबंधी प्रतिबंधों में ढील दी गयी है.


नये नियमों में उधार की लागत संबंधी प्रतिबंधों को पूरी तरह हटा लिया गया है. अंतिम उपयोगकर्ता संबंधी प्रतिबंधों की समीक्षा की गयी है और रिपोर्टिंग संबंधी अनिवार्यताओं का सरल बनाया गया है.

# 100 अरब डॉलर का निवेश करेंगे अडानी

**एआई अवसंरचना का उद्देश्य उभरते 'इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन' में देश को दुनिया में अग्रणी बनाना**

**अहमदाबाद, 17 फरवरी. अडानी समूह ने साल 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा से संचालित, हाइपरस्केल, एआई के लिए तैयार डेटा सेंटर विकसित करने के लिए 100 अरब डॉलर के निवेश की घोषणा की है.**

कंपनी ने मंगलवार को एक प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि इस स्वदेशी एआई अवसंरचना का उद्देश्य उभरते 'इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन' में देश को दुनिया में अग्रणी बनाना है. इसमें कहा गया है कि यह निवेश 2035 तक सर्वर निर्माण, उन्नत विद्युत अवसंरचना, स्वदेशी क्लाउड प्लेटफॉर्म और सहायक उद्योगों में अतिरिक्त 150



अरब डॉलर के निवेश को प्रोत्साहित करेगा.

अडानी समूह के अध्यक्ष गौतम अडानी ने कहा कि दुनिया एक ऐसी इंटेलिजेंस रिवॉल्यूशन में प्रवेश कर रही है जिसका प्रभाव किसी भी पूर्व औद्योगिक क्रांति से अधिक है. जो राष्ट्र ऊर्जा और कंप्यूट के संतुलन में महारत हासिल करेंगे, वे अगले दशक को आकार देंगे. भारत इस क्षेत्र में दुनिया का नेतृत्व करने की स्थित में है.

उन्होंने बताया कि कंपनी स्वदेशी पर केंद्रित पूर्ण पांच-स्तरीय एआई स्टैक में विस्तार कर रही है.यह रोडमैप अडानीकोनेक्स के मौजूदा दो गीगावाट राष्ट्रीय डेटा सेंटर पर आधारित है, जिसका पांच गीगावाट तक विस्तारित किया जायेगा.

> अडानी समूह फिलपकार्ट के साथ अपनी डेटा सेंटर साझेदारी को आगे बढ़ाते हुए अगली पीढ़ी की डिजिटल वाणिज्य, उच्च-प्रदर्शन कंप्यूटिंग और बड़े पैमाने की एआई कार्यभार आवश्यकताओं के मद्देनजर फिलपकार्ट के लिए विशेष रूप से निर्मित दूसरे एआई डेटा सेंटर के विकास की दिशा में अग्रसर होगा .

# शेयर बाजारों में लगातार दूसरे दिन तेजी जारी

**173 अंक की बढ़त पर रहा सेंसेक्स**

**42 .65 अंक से आगे चढ़ा निफ्टी**

**मुंबई, 17 फरवरी . आईटी और बैंकिंग सेक्टरों में घरेलू शेयर बाजारों में मंगलवार को शुरुआती गिरावट के बाद तेजी रही.**

बीएसई का 30 शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 173.81 अंक (0.21 प्रतिशत) की बढ़त में 83,450.96 अंक पर बंद हुआ. नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी-50 सूचकांक 42.65 अंक यानी 0.17 प्रतिशत चढ़कर 25,725.40 अंक पर पहुंच गया. मझौली और छोटी कंपनियों में भी तेजी रही. निफ्टी मिडकैप-50 सूचकांक 0.14 प्रतिशत और स्मॉलकैप-100 सूचकांक 0.56 प्रतिशत ऊपर बंद हुआ.

आईटी, सार्वजनिक बैंक, एफएमसीजी, ऑटो, मीडिया, फार्मा, टिकाऊ उपभोक्ता उत्पाद और स्वास्थ्य सेक्टरों में लिवाली का जोर रहा. धातु, रियलटी और तेल एवं गैस समूहों में गिरावट रही. सेंसेक्स की कंपनियों में आईटीसी और बीईएल के शेयर दो प्रतिशत से अधिक चढ़े. एलएंडटी, इंफोसिस, एशियन पेंट्स, अडानी पोर्टस, एचसीएल टेक्नोलॉजीज और सनफार्मा के शेयर एक से दो प्रतिशत की बढ़त में रहे.

## मारुति ने शुरू की ई-विटारा की बिक्री

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी.** देश की सबसे बड़ी यात्री वाहन निर्माता मारुति सुजुकी ने मंगलवार को अपने एसयूवी विटारा के इलेक्ट्रिक संस्करण ई-विटारा की घरेलू बाजार में बिक्री शुरू कर दी.

कंपनी ने शेयर बाजार को बताया कि ग्राहक नेक्सा शोरूम पर जाकर या नेक्सा की वेबसाइट पर 21,000 रुपये का शुरुआती भुगतान करके ई-विटारा की बुकिंग करा सकते हैं. ई-विटारा के 49 किलोवाट आवर मॉडल की बैटरी-एज-ए-सर्विस विकल्प के साथ कीमत 10.99 लाख रुपये है. इसमें रोड टैक्स, बीमा, टीसीएस और अन्य सरकारी कर तथा शुल्क शामिल नहीं हैं. बैटरी के लिए 3.99 रुपये प्रति किलोमीटर की समान किस्तों का विकल्प है.



# इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट में बिहार के 468 करोड़ के एमओयू

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी. बिहार सरकार ने राजधानी दिल्ली में चल रहे इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 के दूसरे दिन भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान पटना में 250 करोड़ रुपये के निवेश से एक रिसर्च पार्क की औपचारिक घोषणा की तथा इस संस्थान और कई कंपनियों के साथ कुल 468 करोड़ रुपये की परियोजनाओं और निवेश के लिए सहमति के करारों पर हस्ताक्षर किये.**

बिहार के माननीय उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने भारत मंडपम में आयोजित इस वैश्विक आयोजन में बिहार राज्य मंडप का मंगलवार को उद्घाटन किया. इस अवसर पर केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय तथा मत्स्य, पशुपालन एवं डेयरी मंत्रालय मंत्री राजीव रंजन सिंह उर्फ ललन सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थे. कार्यक्रम की अध्यक्षता कपड़ा मंत्री गिरिराज सिंह ने की. इस अवसर पर बिहार सरकार की सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री श्रेयसी सिंह, उद्योग मंत्री डॉ. दिलीप कुमार जायसवाल तथा राज्यसभा सदस्य संजय कुमार झा भी उपस्थित थे.

राज्य सरकार बिहार में विदेशी कंपनियों के वैश्विक सृजन क्षमता केंद्रों (जीसीसी) को भी आकर्षित कर रही है और इस दिशा में सम्मेलन के दौरान कई करार किये हैं. राज्य सरकार की ओर से मंगलवार को जारी एक विज्ञप्ति में बताया गया है कि कृत्रिम मेधा (एआइ) के उभरते क्षेत्र पर केंद्रित इस पहल से राज्य में 10,000 से अधिक नए रोजगार सृजित होने की उम्मीद है. राजधानी के भारत मंडपम में 16-20 तक चलने वाले इस सम्मेलन में 100 से अधिक प्रौद्योगिकी कंपनियों के सीईओ तथा 135 से अधिक देशों के प्रतिनिधि शामिल हो रहे हैं.

विज्ञप्ति में कहा गया है कि बिहार के नवोन्मेषक सम्मेलन में वैश्विक कंपनियों के साथ सहयोग संबंध के लिए संवाद कर रहे हैं. इस दौरान बिहार सरकार ने कई प्रमुख प्रौद्योगिकी कंपनियों तथा आईआईटी पटना के साथ कुल 468 करोड़ रुपये के समझौता ज्ञापनों (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए.

> राज्य सरकार ने प्रदेश में नवाचार, प्रौद्योगिकी इनक्यूबेशन और रोजगार को बढ़ावा देने के लिए बिहार एआई उत्कृष्टता केंद्र (एआई सीओई) की स्थापना हेतु 60 करोड़ रुपये की परियोजना के लिए तथा आईआईटी पटना में रिसर्च पार्क की स्थापना के लिए 250 करोड़ रुपये के एमओयू पर हस्ताक्षर किये हैं.बिहार एआई सीओई की स्थापना टाइगर एनालिटिक्स के साथ मिल कर की जाएगी और आईआईटी पटना इसमें शैक्षणिक भागीदार होगा .

# वंदे भारत एक्सप्रेस में 4 घंटे में होगा सफर

**गुजरात ,17 फरवरी. भारतीय रेल ने सोमवार को असारवा-उदयपुर सिटी वंदे भारत एक्सप्रेस का शुभारंभ कर गुजरात में आधुनिक रेल सेवाओं के विस्तार की दिशा में एक और महत्वपूर्ण कदम उठाया है. यह ट्रेन राज्य में तेज, सुरक्षित और विश्वस्तरीय यात्रा अनुभव प्रदान करेगी.**



हिम्मतनगर स्टेशन पर सांसद शोभनाबेन बारैया, मयंक नायक, रमीलाबेन बारा एवं पूर्व सांसद दीपसिंह राठोड ने ट्रेन को हरी झंडी दिखाई. वहीं असारवा स्टेशन पर महापौर प्रतिभाबेन जैन, सांसद दिनेशभाई मकवाना तथा राज्यसभा सांसद श्री नरहरि अमीन ने ट्रेन का स्वागत किया.

अपने संबोधन में सांसद दिनेशभाई मकवाना ने बताया कि गुजरात में रुपए 1,28,748 करोड़ के रेलवे कार्य प्रगति पर हैं तथा वर्ष 2026 के बजट में राज्य को रुपए 17,366 करोड़ का रिकॉर्ड आवंटन मिला है. राज्य के 87 स्टेशनों का विश्वस्तरीय पुनर्विकास किया जा रहा है, जिनमें 19 का उद्घाटन हो चुका है. सांसद नरहरि अमीन ने कहा कि उदयपुर जाने वाले यात्रियों, विशेषकर विवाह समारोहों के लिए समूह में यात्रा करने वालों हेतु यह ट्रेन वरदान साबित होगी, जो लगभग 4 से 4.15 घंटे में यात्रा पूर्ण करती है.

ट्रेन संख्या 26964/26963 प्रतिदिन (मंगलवार छोड़कर) संचालित होगी. इसमें 8 कोच एसी चेयर कार एवं एक्जीक्यूटिव चेयर कार शामिल हैं. आधुनिक सुविधाओं से सुसज्जित यह ट्रेन क्षेत्रीय कनेक्टिविटी, पर्यटन और आर्थिक गतिविधियों को बढ़ावा देगी.

# द्विपक्षीय सहयोग और अन्य मुद्दों पर हुई चर्चा

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी. वित्त और कार्पोरेट मामलों की मंत्री निर्मला सीतारमण ने नॉर्वे की अपनी यात्रा के दौरान ओस्लो में वहां के वित्त मंत्री जेन्स स्टोलटेनबर्ग से मुलाकात की और स्वच्छ ऊर्जा तथा दुर्लभ खनिजों की आपूर्ति श्रृंखला जैसे विभिन्न क्षेत्रों में द्विपक्षीय सहयोग तथा अन्य मुद्दों पर चर्चा की.**



वित्त मंत्रालय द्वारा जारी यहां सोमवार देर रात जारी एक विज्ञप्ति के मुताबिक श्रीमती सीतारमण के साथ इस मुलाकात में श्री स्टोलटेनबर्ग ने कहा कि भारत की आर्थिक वृद्धि निवेश और प्रगति के बहुत सारे अवसर देती है. दोनों नेताओं ने नवीकरणीय ऊर्जा, खासकर सौर पैनल से बिजली तैयार करने, दुर्लभ खनिजों के प्रसंस्करण , वायुमंडल से कार्बन अवशोषण और संग्रह में दोनों देशों के बीच सहयोग पर चर्चा की. विज्ञप्ति में कहा गया है कि दोनों मंत्रियों ने भारत और नार्वे सहित चार देशों के मुक्त व्यापार संघ (ईएफटीए) के बीच व्यापार और आर्थिक भागीदारी समझौते (टेपा) का पूरा फायदा उठाने के कदम उठाने पर सहमति जतायी है.

## दुपहिया वाहनों की बिक्री 2 .9 करोड़ के पार पहुंचने की उम्मीद

**नयी दिल्ली, 17 फरवरी . दुपहिया वाहनों की बिक्री अगले वित्त वर्ष में सात से नौ प्रतिशत के बीच बढ़कर 2.9 करोड़ इकाई पर पहुंच जायेगी.**

बाजार अध्ययन एवं साख निर्धारक एजेंसी क्रिसिल रेटिंग्स ने मंगलवार को कहा कि वस्तु एवं सेवा कर सुधारों से कीमतों में कमी के बाद दुपहिया की घरेलू बिक्री में आयी तेजी अगले वित्त वर्ष में भी जारी रहेगी. उसने कहा है कि अमेरिका के साथ व्यापार समझौते का घरेलू कंपनियों की बिक्री पर कुछ खास असर नहीं होगा क्योंकि समझौते में 500 सीसी से ऊपर की मोटरसाइकिलों पर फोकस है.

LNCT GROUP OF COLLEGES "WORKING TOWARDS BEING THE BEST"

JAI NARAIN COLLEGE OF TECHNOLOGY (MBA)

(Approved by AICTE, New Delhi and Affiliated to Barkatullah University,, Bhopal)

APPOINTMENT IN MBA DEPARTMENT

Applications are invited for the following posts under college code 28 of Barkatullah University, Bhopal

Director, Professor, Associate Professor, Asst. Professor

Qualification and Salary will be as per AICTE norms

The application with complete details/Bio-data should be submitted within 5 days by email/post to :

hr@jnctbhopal.ac.in

New Chouksey Nagar Berasia Road, Bhopal

9109180721

## पंजाब को मिलेगा दलित डिप्टी सीएम!

**चंडीगढ़.** पंजाब की राजनीति में फिर सोशल इंजीनियरिंग की आहट सुनाई दे रही है. आम आदमी पार्टी अब अपने उस पुराने वादे को हकीकत में बदलने की तैयारी कर रही है, जो उसने साल 2017 के विधानसभा चुनाव के दौरान पंजाब की जनता से किया था. 2027 के विधानसभा चुनावों से पहले पार्टी पंजाब में एक 'दलित डिप्टी सीएम' नियुक्त करने पर गंभीरता से विचार कर रही है. पंजाब की सियासत का सबसे बड़ा सच यहाँ की 32 प्रतिशत दलित आबादी है. देश में सबसे ज्यादा दलित जनसंख्या प्रतिशत वाले इस राज्य में यह समुदाय सत्ता की चाबी माना जाता है.

## गिफ्ट सिटी में मार्च में आयेगा पहला आईपीओ

**नयी दिल्ली.** अंतर्राष्ट्रीय वित्तीय सेवा केंद्र गिफ्ट सिटी में मार्च के शुरुआती सप्ताह में पहला आईपीओ आने की उम्मीद है. शीर्ष अधिकारियों के लिए कॉरपोरेट पाठ्यक्रमों की पेशकश करने वाली कंपनी एक्सईडी ने बताया है कि उसने सभी नियामकीय अर्हताएं पूरी करने के बाद प्रारंभिक सार्वजनिक निर्गम के लिए दस्तावेज जमा कराये हैं. यह गिफ्ट सिटी का पहला आईपीओ होगा. इसमे मार्च के पहले सप्ताह में आने की संभावना है. गिफ्ट सिटी देश के भीतर ही एक विदेशी एक्सचेंज की तरह काम करता है.

# कांग्रेस के लिए आई गुड न्यूज

**हैदराबाद. तेलंगाना में कांग्रेस ने नगर निकाय चुनावों में शानदार जीत हासिल की है.**

पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों में होने वाले विधानसभा चुनाव से पहले तेलंगाना निकाय चुनाव के रिजल्ट कांग्रेस के लिए बड़ी गुड न्यूज से कम नहीं है. हालांकि, इन चुनाव में भारत राष्ट्र समिति और भारतीय जनता पार्टी ने भी अपनी उपस्थिति दर्ज कराई, लेकिन पूरे चुनाव में दबदबा कांग्रेस का ही देखने को मिला है. 2,995 वार्डों के परिणाम आधिकारिक तौर पर घोषित कर दिए गए हैं, जिनमें सत्ताधारी कांग्रेस ने 1,537 वार्डों में निर्णायक जीत हासिल की है.

FORM NO.
[See Regulation 33(2)]
By Regd. A/D. Dasti failing which by Publication

**OFFICE OF THE RECOVERY OFFICER - I/II**
**DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR**
2nd & 3rd Floor, Sanchar Vikas Bhavan (BSNL Building), Near Head Post Office Residency Road, Jabalpur -482001, MP.

**NOTICE FOR SETTLING A SALE PROCLAMATION UNDER RULE 53 OF THE SECOND SCHEDULE TO THE INCOME TAX ACT, 1961 READ WITH THE RECOVERY OF DEBTS & BANKRUPTCY ACT, 1993.**

**RC/527/2019** **03-02-2026**

**PUNJAB NATIONAL BANK**
**Versus**
**MS SANTUSHTY PACKAGING INDUSTRIES**

To,
**(CD 1) )MS SANTUSHTY PACKAGING INDUSTRIES**
E-02/330, ARERA COLONY, BHOPAL (MP)- 462001
Also At : PLOT NO. 01. INDUSTRIAL AREA, ABDULLAPUR, PACHAMA, SEHORE (M.P)
**(CD 2) SHRI ASHISH TIWARI S/O LATE R.S. TIWARI**
E-02/330, ARERA COLONY, BHOPAL (MP)- 462001
**(CD 3) SMT. RAJESHWARI TIWARI W/O LATE RADHE SHYAM TIWARI**
E-02/330, ARERA COLONY, BHOPAL (MP)- 462001
**(CD 4) SMT. PRITI TIWARI D/O LATE RADHE SHYAM TIWARI**
E-07/ 32, FLAT NO.203, VIVEK APARTMENT, 03, ARERA COLONY, BHOPAL (M.P) 462000
**(CD 5) SMT. SHRUTI SHARMA D/O LATE RADHE SHYAM TIWARI**
H. 08, FORTUNE ESTATE, PHASE-1, KOLAR ROAD, BHOPAL (M.P.) 462001

Whereas you the **M/S SANTUSHTY PACKAGING INDUSTRIES** was ordered by the Presiding Officer of DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JABALPUR who had issued the Recovery Certificate dated **02/08/2019** in **OA/790/2018** to pay to the Applicant Bank(s)/Financial Institution(s) Name of applicant, the sum of **Rs 2331380.54 ( Rupees Twenty Three Lakhs Thirty One Thousands Three Hundred Eighty And Paise Fifty Four Only)** along with pendentellite and future interest @ 12.00 % Simple Interest Yearly w.e.f. **25/06/2018** til realization and costs of **Rs 26000 ( Rupees Twenty Six Thousands Only )**, and whereas the said has not been paid, the undersigned has ordered the sale of undermentioned immovable / Immoveable property.

2. You are hereby informed that the **02/03/2026** at **10.30 A.M.** has been fixed for drawing up the proclamation of sale and settling the terms thereof. You are requested to bring to the notice of the undersigned any encumbrances, charges, claims or liabilities attached to the said properties or any portion thereof.

**Specification of property**
Lease Hold Land and Building at Plot No. 01, area admeasuring 19602 sq.ft., Industrial Area, Near Overhead Water Tank, Abdullapur, Pachama, Inside Bhopal- Sehore Road, PHN, Tehsil- Sehore. Dist Schore (MP). Proeprty in the nane of Ms Santushty Packaging Industries Through its Proprietor Shri Ashish Tiwari S/o Late Shri Radheshyam Tiwari.
Given under my hand and the seal of the Tribunal, on this date: **03/02/2026**

**Recovery Officer**
**Debts Recovery Tribunal Jabalpur**

**NAME CHANGE**

I, NO.- JC-784762H, Rank - Nb Sub, Name- Vikul Chaudhary, resident at Vill- Chindori, PO- Lawar, Distt - Meerut (U.P.) Pin- 250222 and presently serving at DSCC, Bhopal. I have changed my wife's name *Rashmi* to *Rashmi chaudhary* vide affidavit No.- *BZ 995095* dated 16 Feb 2026 and Aadhaar No. of my wife is *2992-3510-3403*

**नाम परिवर्तन**

**सूचित** करती हूं कि मेरे पासपोर्ट में मेरा नाम किरण कुमारी अंकित है जो कि गलत है. यह मेरे आधार कार्ड में सभी दस्तावेजों में नाम किरण देवी KIRAN DEVI अंकित है जो कि सत्य है. मेरे को इसी नाम से जाना जाए और पासपोर्ट में यही नाम दर्ज किया जाए. पता- रंजीत गुप्ता, हाउस नं. 5/1, कैलाश नगर, सेमराकलां, हुजूर भोपाल मध्यप्रदेश 462010

R.N.- 58440

**कार्यालय, कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**जिला -खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**
Office Email ID, cewrckn@cgwrd.in/Fax & Ph. No. 07743-263628

क्रमांक 565/ व.ले. लि. छुईखदान दिनांक 13/02/2026

**निविदा निरस्तीकरण आदेश**

निविदा सूचना क्र. 11/व.ले.लि. / 2025-26 दिनांक 12.11.2025 निविदा सिस्टम क्र. 179260 (द्वितीय आमंत्रण) खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई जिले के विकासखण्ड छुईखदान के सिद्धबाबा जलाशय योजना की फीडर मुख्य नहर अंतर्गत कोटरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 1920 मी., उदयपुर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1770 मी., पुरेना माईनर आर.डी. 0 मी. से आर.डी. 1230 मी., कोटरीछापर माईनर आर.डी. 0 मी. से 1290 मी., खैरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 1320 मी., मैनहर माईनर आर. डी. 0 मी. से 1500 मी. सीताडबरी माईनर आर.डी. 0 मी. से 960 मी., घीरघोली माईनर आर. डी. 0 मी. 1230 मी., गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 2340 मी. तक निर्माण साथ ही 19 नग व्ही. आर. बी., 15 नग फाल, 04 नग माईनर हेड, 01 नग हेड स्लूस, गभरा माईनर आर.डी. 0 मी. से 750 मी. तक आर. सी.सी. ओपनट्रफ एवं कुलाबा फिक्सिंग का निर्माण कार्य ( लागत राशि रू. 483.83 लाख ) के लिये आमंत्रित निविदा मुख्य अभियंता, महानदी गोदावरी कछार, जल संसाधन विभाग, रायपुर (छ.ग.) के पृष्ठा. क्र. 35/सा/मगोक / 2025 / 1188 रायपुर दिनांक 12.02.2026 में दिये गये निर्देश "द्वितीय आमंत्रित निविदा मे कछाराधीन निविदा मूल्यांकन समिति द्वारा दर निविदा अस्वीकृत कर पुनः निविदा आमंत्रित करने की अनुशंसा की है" के परिपालन मे उक्त आमंत्रित निविदा निरस्त की जाती है ।

**कार्यपालन अभियंता,**
**जल संसाधन संभाग, छुईखदान**
**जिला - खैरागढ़ - छुईखदान - गण्डई (छ.ग.)**

2526006696/4

**एचईजी लिमिटेड**
**CIN : L23109MP1972PLC008290**

**पंजीकृत कार्यालयः** मंडीदीप (भोपाल के निकट) जिला रायसेन-462046, (म. प्र.),
फोनः 07480-233524, 233525; फैक्सः 07480-233522
**कॉर्पोरेट कार्यालयः** भीलवाड़ा टॉवर्स, ए-12, सेक्टर-1, नोएडा-201301, (उ.प्र.), फोनः 0120-4390300 (ईपीएबीएक्स)
फैक्सः 0120-4277841; ई-मेलः heg.investor@lnjbhilwara.com; वेबसाइटः www.hegltd.com

**सूचना**
**भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन हेतु विशेष विंडो**

सेबी परिपत्र संख्या **SEBI circular No. HO/38/13/11(2)2026-MIRSD-POD/I/3750/2026** दिनांक 30 जनवरी, 2026 के अनुसरण में, हम आपका ध्यान आकर्षित करना चाहते हैं कि भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन ('डीमैट') की सुविधा हेतु **05 फरवरी 2026 से 04 फरवरी 2027** तक एक विशेष विंडो खोली गई है।

इस कथित विशेष विंडो की यह सुविधा उन भौतिक प्रतिभूतियों के हस्तांतरण एवं डीमैट फाइल करने हेतु है, जिन्हें 01 अप्रैल, 2019 से पूर्व बेचा/खरीदा गया था। शेयरधारकों/निवेशकों से निवेदन है कि वे सेबी के 30 जनवरी 2026 के परिपत्र के माध्यम से बताए गए भौतिक शेयरों के हस्तांतरण एवं डीमैटेरियलाइजेशन के लिए आवेदन करने हेतु मार्गदर्शन में, अन्य बातों के साथ ही, निर्धारित नीचे दिए गए मैट्रिक्स को संदर्भित करें।

| हस्तांतरण डीड की निष्पादन तिथि | 01 अप्रैल, 2019 से पहले हस्तांतरण हेतु आवेदन किया गया? | मूल प्रतिभूति प्रमाण-पत्र उपलब्ध है? | वर्तमान विंडो में आवेदन हेतु उपयुक्त हैं? |
|---|---|---|---|
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | नहीं (यह नया आवेदन है) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | हाँ (इसे पहले अस्वीकृत/वापस कर दिया गया था) | हाँ | ✓ |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | हाँ | नहीं | X |
| 1 अप्रैल 2019 के पूर्व | नहीं | नहीं | X |

कृपया ध्यान दें कि जिन आवेदन(ओं) के साथ मूल प्रमाण-पत्र, हस्तांतरण डीड एवं आवश्यक सहायक दस्तावेज होंगे, उन पर ही इस विशेष विंडो के अंतर्गत विचार किया जाएगा। इस तरह हस्तांतरित प्रतिभूति को आवश्यक रूप से हस्तांतरिति को केवल डीमैट मोड में ही क्रेडिट किया जाएगा और वे हस्तांतरण के पंजीकरण की तिथि से एक साल के समय के लिए लॉक-इन रहेंगी। ऐसी प्रतिभूति को बताए गए लॉक-इन पीरियड के दौरान हस्तांतरित/ग्रहणाधिकार चिह्नित/गिरवी नहीं किया जाएगा।

उपरोक्त मामले पर किसी भी प्रश्न या दस्तावेजों को दाखिल करने हेतु, शेयरधारकों से अनुरोध है कि वे कंपनी के रजिस्ट्रार व शेयर ट्रांसफर एजेंट से **एमसीएस शेयर ट्रांसफर एजेंट लिमिटेड, (एचईजी लिमिटेड का आरटीए), 179-180, डीएसआईडीसी शेड, तृतीय तल, ओखला औद्योगिक क्षेत्र, फेज - 1, नई दिल्ली -110020, फोनः 011- 41406149, 41406150, 41406151, ईमेलः helpdeskdelhi@mcsregistrars.com** पर संपर्क करें।

**आवश्यक टिप्पणीः** सभी शेयरधारकों से आग्रह है कि वे सुनिश्चित कर लें कि उनका ईमेल आईडी/केवाईसी विवरण कंपनी के आरटीए या उनके अपने डिपॉजिटरी प्रतिभागी के साथ अद्यतनित हैं।

कृतेः एचईजी लिमिटेड
(विवेक चौधरी)
कंपनी सचिव (A-13263)

स्थान : नोएडा (उ.प्र.)
दिनांकः 17 फरवरी, 2026